**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 11.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– देश में पिछले ग्यारह वर्षों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में आयी क्रांति, रेलवे से राजमार्ग और बंदरगाह से हवाई अड्डा तक तेजी से फैल रहा है बुनियादी ढांचा नेटवर्क।**
- **झारखंड हाईकोर्ट ने 11वीं जेपीएससी की मेरिट लिस्ट रद्द करने की मांग वाली याचिका पर की सुनवाई, आयोग से मांगा जवाब।**
- **प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने रांची में की पेसा कानून पर कार्यशाला, प्रदेश प्रभारी समेत पार्टी के कई नेता हुए शामिल, अब से थोड़ी देर बाद अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में राज्य में एससी समुदाय की स्थिति की होगी समीक्षा।**
- **रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में आज भगवान जगन्नाथ, बलभ्रद और देवी सुभद्रा का स्नान महोत्सव, 15 दिनों के एकांतवास पर जायेंगे प्रभु जगन्नाथ।**
- **रांची के फुटबॉलर रिदम राज एक्सपोजर टूर पर जायेंगे यूरोपः फिनलैंड, स्वीडन, नार्वे और डेनमार्क में कई प्रतियोगिताओं में लेंगे हिस्सा।**

*****************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास सतत और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के ग्यारह साल हो गए हैं। इस दौरान बेहतरीन बुनियादी ढांचे बनाए गए हैं। इससे भारत के विकास में गति आई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्ग और बंदरगाह से हवाई अड्डे तक भारत का विकास तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

*****************************

झारखंड हाईकोर्ट में 11वीं जेपीएससी परीक्षा में असफल रहे राजेश प्रसाद और अन्य 53 अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेपीएससी से जवाब मांगा और अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। जिन अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, सभी पीटी में पास कर गए थे लेकिन मेन्स परीक्षा में असफल रहे थे। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में मेरिट लिस्ट को रद्द करते हुए आंसर शीट की दोबारा जांच की मांग की है।

*****************************

प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज रांची में पेसा कानून पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावा पार्टी कोटे से राज्य के मंत्रियों ने हिस्सा लिया। अब से थोडी देर बाद कांग्रेस अनुसूचित विभाग की भी एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने बताया कि बैठक में राज्य में एससी समुदाय की सामाजिक–आर्थिक स्थिति की समीक्षा की जायेगी।

*****************************

रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में आज भगवान जगन्नाथ, बलभ्रद और देवी सुभद्रा का स्नान महोत्सव विधि–विधान से किया जायेगा।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद झारखण्ड संशोधन विधेयक, 2021 पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। गौरतलब है कि झारखण्ड विधानसभा द्वारा पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया था। राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हो गया है।

**********************

एंटी करप्शन ब्यूरो – एसीबी ने शराब घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का नया मामला दर्ज किया है। इस मामले में श्री चौबे समेत आठ लोगों के खिलाफ एसीबी थाने में प्रीलिमिनरी इंक्वायरी–पीई दर्ज की गयी। एसीबी ने इस मामले में श्री चौबे की पत्नी समेत कई रिश्तेदारों को आरोपी बनाया है।

**********************

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले योग संगम की मेजबानी के लिए देश भर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। झारखंड से चार हजार आठ सौ से अधिक संगठनों ने अपना निबंधन कराया है। झारखंड शीर्ष दस राज्यों में सातवें स्थान पर है। इस वर्ष योग दिवस का विषय है– **एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग।**

**********************

इधर, झारखंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर है। लोगों को योग के प्रति जागरुक करने और उन्हें योग के फायदे बताने के लिए राज्य में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर रांची के योग साधकों मे भी खासा उत्साह है। रांची की योग शिक्षिका रानी रंजीनी आस पड़ोस की महिलाओं को योग सिखाकर उन्हें निरोग बनाने की मुहिम में जुटी हैं।

यहां योग सीख रही महिलाएं कम समय में ही योग की बारीकियों में निपुण हो गई हैं और नियमित योगाभ्यास से कई रोगों को दूर भगाया है। वे कहती हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं है।

**********************

सिमडेगा जिले के 11 मेधावी छात्रों का चयन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर और भोपाल कैंपस में उच्च शिक्षा के लिए हुआ है।

**********************

भारतीय बेंचमार्क सूचकांक आज दोपहर के सत्र में मामूली बढ़त के साथ काम कर रहे थे। आखिरी रिपोर्ट मिलने तक सेंसेक्स 298 अंक बढकर 82 हजार 690 पर और निफ्टी 88 अंक बढकर 25 हजार 192 पर आ गया।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नवासी हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। आज से 16 जून तक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जतायी गयी है।

*********************************

रांची के टाटीसिलवे के रहने वाले फुटबॉलर 14 वर्षीय रिदम राज एक्सपोजर टूर पर यूरोप के चार देशों के दौरे पर जायेंगे। इस दौरान वह चार देशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेगें। वह जिन चार देशों का दौरा करेंगे उनमें फिनलैंड, स्वीडन, नार्वे और डेनमार्क शामिल हैं।

**********समाप्त***********